मुझे लगता है कि बीसीसीआई 22 अप्रैल के नरसंहार को भूल गया है। जब आतंकवाद के कारण पाकिस्तान से सभी तरह के रिश्ते खत्म हो चुके हैं, तो क्रिकेट क्यों खेला जा रहा है?
– ऐशान्या द्विवेदी

शुभम द्विवेदी की पत्नी, भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — मेघना सज्जनार

मेघना सज्जनार ने रविवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक के साथ विश्व कप में अपना पहला पदक जीता, जिससे भारत ने सत्र के अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में पांचवें स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया। मेघना ने फाइनल में 230.0 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में चीन की उभरती हुई स्टार पेंग शिनलू का दबदबा रहा, जिन्होंने 255.3 के स्कोर के साथ हमवतन वांग ज़िफ़ेई के 254.8 के स्कोर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टैड ने रजत पदक जीता।

क्या आप जानते हैं ?... भारत बनाम पाकिस्तान (23 फरवरी 2025): चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी।

दौसा क्रिकेट अंडर -23 टीम घोषित

जयपुर, 14 सितम्बर। जिला क्रिकेट संघ के सचिव ब्रजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि आरसीए द्वारा 15. 9.2025 से अंडर –23 टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है जिसके लिए जिले की टीम में निम्न खिलाड़ी लिए गए है। सचिन शर्मा, देवकृत शर्मा, ध्रुव सेठी, जतिन शर्मा, दिव्यांशु घोसिंगा, राम शर्मा, विशाल सिंह, नमन शर्मा, भावेश शर्मा, प्रांजूल शर्मा, प्रदीप सैनी, पृथ्वी नागरवाल, लीलाधर मीणा, शान अवस्थी, आदित्य भट्ट, मोहित जैमन, संजय मीणा। डीसीए के सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले की टीम में दूसरे जिले के खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया है लेकिन टीम का प्रदर्शन बिल्कुल आशानूरूप नहीं आ रहा है। हम हमारे जिले के खिलाड़ियों को ज़्यादा से ज़्यादा मौक़ा देना चाहते है परन्तु दौसा के खिलाड़ी निराश कर रहे है। यदि टीम का रिजल्ट इस बार भी ठीक नहीं आता है तो हमे एनओसी प्लेयर खिलाने पर विचार करना होगा ।टीम का चयन पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया है उम्मीद करते है टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। इस टीम के साथ टीम मैनेजर वेंकटेश शर्मा और कोच सुखराम गुर्जर होंगे ।

जयपुर पोलो टीम ने कॉग्निवेरा को 8- 7 से हराया

जयपुर, 14 सितम्बर। जयपुर पोलो टीम ने आज चिंकारा पोलो कप के फ़ाइनल में जीत का जश्न मनाया, जिसमें उन्होंने कोग्निवेरा स्टैलियंस को 8–7 गोल से हराया। लांस वॉटसन ने जयपुर के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल किए, जबकि बॉतिस्ता अल्बर्डी ने 5 गोल करके स्टैलियंस को मुकाबले में बनाए रखा।

सम्मानित निगाहों के सामने रोमांचक समापन: अंतिम क्षणों में स्कोर बराबरी पर था, लेकिन अंगद कलां ने निर्णायक पेनल्टी शॉट लेते हुए जयपुर की जीत सुनिश्चित की और खिलाड़ियों व समर्थकों के बीच जश्न का माहौल बना दिया। कैवेलरी पोलो ग्राउंड के आसपास का माहौल उत्साहपूर्ण था, क्योंकि प्रशंसकों ने शानदार नाटकीयता और उच्च स्तरीय घुड़सवारी का प्रदर्शन देखा। फाइनल के मुख्य अतिथि 61वीं सब एरिया के जीओसी इन सी थे, जिनके साथ गणमान्य नागरिक और कई यादगार अतिथि थे। 61वीं कैवलरी के पूर्व कमांडेंट और वर्तमान अधिकारी मौजूद थे। उनकी उपस्थिति ने जयपुर के खेल कैलेंडर में चिंकारा पोलो कप के महत्व को रेखांकित किया और प्रतिभागियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

भारत–पाकिस्तान मैच का विरोध

देश की सुरक्षा और शहीदों का सम्मान किसी भी खेल या आर्थिक लाभ से कहीं बड़ा है : पठान

जयपुर, 14 सितम्बर। कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान ने पाकिस्तान से भारत के क्रिकेट मैच को लेकर कहा कि पाकिस्तान लगातार सीमा पार से आतंकवाद, घुसपैठ और देशविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देता रहा है। ऐसे समय में भारत–पाकिस्तान के बीच खेल मुकाबले आयोजित करना शहीदों और देशवासियों की भावनाओं का अपमान है। हम यह मानते हैं कि खेल का उद्देश्य भाईचारा और सौहार्द बढ़ाना है, परंतु जब तक पाकिस्तान अपनी नीतियों और आतंकवाद को समर्थन देने वाले रवैये में बदलाव नहीं करता, तब तक भारत को किसी भी प्रकार के खेल, सांस्कृतिक या राजनयिक संबंधों से दूरी बनाए रखनी चाहिए। हमारी स्पष्ट मांग है कि बीसीसीआई और केंद्र की भाजपा सरकार इस मैच को रद्द करे तथा पाकिस्तान के साथ खेल संबंधों को पूरी तरह समाप्त किया जाए। राष्ट्र की सुरक्षा और शहीदों का सम्मान, किसी भी खेल या आर्थिक लाभ से कहीं बड़ा है। पाकिस्तान द्वारा लगातार आतंकवाद और देश विरोधी गतिविधियों के समर्थन की कड़ी निंदा करते हैं। ऐसे हालात में भारत–पाकिस्तान के बीच किसी भी प्रकार का क्रिकेट मैच खेलना शहीदों और देशभक्त नागरिकों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। हमारे जवान हर दिन शहीद होते हैं, ऐसे में खेल संबंध रखना शहीदों का अपमान है। यह केवल क्रिकेट का खेल नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और आत्मसम्मान से जुड़ा मामला है। खेल और आतंक एक साथ नहीं चल सकते – यह स्पष्ट संदेश देना जरूरी है।1962 से 1977 में पाकिस्तान से एक मैच भी नहीं खेला पुर जोर विरोध किया। 1986 और 1999 में हमने एशिया कप का बहिष्कार किया और 1993 में एशिया को बर्खास्त करना पड़ा क्योंकि हमने पाकिस्तान के साथ खेलने से मना कर दिया था। मुंबई हमले के कारण 2008 में चैंपियन ट्रॉफी में पाकिस्तान से खेलने से मना कर दिया था हमने। भाजपा के केंद्रीय मंत्री मैच के फायदे गिना रहे हैं। अनुराग ठाकुर और मनोहर लाल खट्टर कह रहे है की खेल और सियासत अलग–अलग है।

भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

दुबई 14 सितंबर। कुलदीप यादव (तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल (दो–दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान सूर्य कुमार यादव (नाबाद 47) अभिषेक शर्मा (31), तिलक वर्मा (31) की बदौलत भारत ने रविवार को एशिया कप के छठे मुकाबले में 25 गेंदे शेष रहते पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया।

128 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में 22 रन जोड़े। दूसरे सैम अयूब ने शुभमन गिल सात गेंदों में 10 रन को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद चौथे ओवर में सैम अयूब ने अभिषेक शर्मा को आउटकर भारत के रनों की रफ्तार को कम करने का प्रयास किया। अभिषेक शर्मा ने 13 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रनों की पारी खेली । इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्य कुमार यादव और तिलक वर्मा की जोड़ी ने संभलकर खेलते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 56 रन जोड़े। 13वें ओवर में सैम अयूब ने तिलक वर्मा (31) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। भारत ने 15.5 ओवरों में तीन विकेट पर 131 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। सूर्यकुमार यादव ने 37 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 47 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने नाबाद 10 रन बनाये। सूर्य कुमार यादव ने भारत के लिए विजयी छक्का लगाया। पाकिस्तान की ओर से सैम अयूब ने तीन विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र छह रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। सैम अयूब को पहले ही ओवर में हार्दिक पांड्या ने आउट किया। मोहम्मद हारिस (तीन) का जसप्रीत बुमराह ने शिकार किया। इसके बाद फखर जमान ने साहिबजादा फरहान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 39रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में अक्षर पटेल ने फखर जमान (17) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। कप्तान आगा सलामान (तीन) को भी अक्षर पटेल ने आउट किया। 13वें ओवर में कुलदीप यादव ने हसन नवाज (पांच) और मोहम्मद नवाज (शून्य) को आउटकर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। इस दौरान एक छोर थामे साहिबजादा फरहान रन बनाते रहे। 17वें ओवर में कुलदीप ने फरहान को हार्दिक के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। फरहान ने 44 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 40 रन बनाये। वरूण चक्रवर्ती ने फहीम अशरफ (11) को आउट किया। सुफियान मकीम (10) को बुमराह ने बोल्ड आउट किया। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 127 रन का स्कोर खड़ा किया। शाहीन शाह अफरीदी 16 गेंदों में 33 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी इस पारी में चार छक्के लगाये। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह को दो विकेट मिले। वरूण चक्रवर्ती और हार्दिक पांड्या ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया।

राजस्थान से धनंजय सिंह खींवसर शामिल होंगे

गांगुली, हरभजन सहित कई खिलाड़ी वार्षिक आम बैठक में शामिल होंगे

नयी दिल्ली, 14 सितम्बर। सौरव गांगुली (सीएबी), जयदेव शाह (सौराष्ट्र), अरुण सिंह धूमल (एचपीसीए) और राजीव शुक्ला (यूपीसीए) जैसे नियमित नामों के अलावा, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भाग लेने वाले अधिकांश अन्य सदस्य भी आम तौर पर संदिग्ध होते हैं।

हरभजन सिंह, निश्चित रूप से, आम सभा की बैठक के लिए राज्य प्रतिनिधियों की विशिष्ट सूची में एक अलग नाम के रूप में उभरे हैं। जैसा कि पहले बताया गया था, वह वार्षिक आम बैठक में पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिससे बीसीसीआई के शीर्ष पद के लिए उनके संभावित उम्मीदवार के रूप में उनकी संभावनाओं को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

103 टेस्ट मैच खेल चुके पूर्व भारतीय स्पिनर ने अपनी योजनाओं के बारे में चुप्पी साध रखी है, लेकिन उनके करीबी लोगों का कहना है कि उनका नामांकन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से उनकी नजदीकी से जुड़ा है और इसके ज्यादा मायने नहीं निकाले जा सकते। लेकिन यह संभावना नहीं है कि यह मामला सिर्फ़ पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ उनकी दोस्ती तक ही सीमित रहेगा। यह तय है कि इसमें और भी कुछ है। हरभजन और उनके पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली के अलावा, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय खेल का अनुभव रखने वाले अन्य प्रतिनिधियों में जयदेव शाह, रघुराम भट्ट (कर्नाटक) और मिथुन मिन्हास (जेकेसीए) शामिल हैं।

पूर्व बीसीसीआई दिग्गज और दिल्ली क्रिकेट के कद्दावर नेता दिवंगत अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली को दिल्ली ज़िला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने नामित किया है। उन्हें बीसीसीआई में एक प्रभावशाली व्यक्ति माना जाता है। बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी हरियाणा क्रिकेट संघ (एचसीए) का प्रतिनिधित्व करेंगे।

संबंधित राज्य संघों द्वारा नामांकित होना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल वही प्रतिनिधि 28 सितंबर को होने वाले चुनाव में भाग ले सकते हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होंगे और यह लगभग तय है कि सचिव देवजीत सैकिया (असम), कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया (छत्तीसगढ़) और संयुक्त सचिव रोहन देस्सा (गोवा) अपने पदों पर बने रहेंगे। बड़ा सवाल यह है कि अब अध्यक्ष कौन होगा क्योंकि रोजर बिन्नी 70 वर्ष की आयु सीमा पार कर चुके हैं।

मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने सिंधिया के बेटे और नवनिर्वाचित अध्यक्ष महानार्यमन राव सिंधिया का नाम भेजा है। अन्य प्रभावशाली प्रतिनिधियों में संजय नाइक (मुंबई), रोहित पवार (महाराष्ट्र), पी दामोदरन (पांडिचेरी) और अनिल पटेल (गुजरात) शामिल हैं। राजस्थान से धनंजयसिंह खींवसर इस बैठक में शामिल होंगे।

बीसीसीआई के निर्वाचन अधिकारी एके जोति ने राज्य संघों को भेजे अपने नोट में कहा, ''निम्नलिखित मसौदा मतदाता सूची में बीसीसीआई के पूर्ण सदस्यों द्वारा भेजे गए संचार के माध्यम से प्राप्त सभी प्रतिनिधियों के नाम सूचीबद्ध हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा 6 सितंबर, 2025 को जारी चुनाव कार्यक्रम की सूचना और पात्र सदस्यों से अपने प्रतिनिधि के नामांकन हेतु आवेदन करने के आव्हान के पैराग्राफ 3 में निर्दिष्ट अभिलेखों की पूर्णता की जांच के बाद नामों को सूचीबद्ध किया गया है।''

एशिया कप में हांगकांग को हराकर सुपर फोर में पहुंचना चाहेगी श्रीलंका

दुबई, 14 सितंबर । श्रीलंका एशिया कप 2025 के आठवें मैच में हांगकांग को हराकर सुपर फोर में पहुंचना चाहेगी। वही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हांगकांग सम्मान के साथ विदाई के लिए संघर्ष करेगी। चारिथ असलांका की अगुवाई श्रीलंका की टीम अपने पहले मैच में बंगलादेश को छह विकेट से हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है। उनकी बल्लेबाजी में टीम के रूप में लय में दिख रही है। 34 गेंदों पर 50 रनों की सहज पारी खेलने वाले पथुम निसांका एक अलग ही स्तर पर बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं, जबकि बंगलादेश के खिलाफ कामिल मिशारा की नाबाद 46 रनों की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक संयम दिखाया। कुसल मेंडिस और कुसल परेरा शीर्ष क्रम में स्थिरता प्रदान करते हैं, और कप्तान असलांका के साथ कामिंदु मेंडिस अंतिम ओवरों में मजबूती प्रदान करते हैं। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो श्रीलंका के पास दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा ने गति और सटीकता का मिश्रण है।

सेंट्रल जोन का दलीप ट्रॉफी चैंपियन बनना तय

बेंगलुरु 14 सितंबर । कुमार कार्तिकेयन (चार विकेट) और सारांश जैन (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत सेंट्रल जोन ने रविवार को दलीप ट्रॉफी मुकाबले के चौथे दिन साउथ जोन को 426 के स्कोर पर समेट दिया। सेंट्रल जोन को अब जीत के लिए 65 रन बनाने है तथा अभी एक दिन का खेल शेष है।

साउथ जोन ने कल के दो विकेट पर 192 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज साउथ जोन ने कल के स्कोर में महज 30 रन जोड़कर अपने चार विकेट गंवा दिये। साउथ जोन का तीसरा विकेट रिकी भुई (45) के रूप में गिरा। उन्हें दीपक चाहर ने एस शर्मा के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन (27) को कुमार कार्तिकेय ने अपना शिकार बना लिया। सलमान निजार (12) और आर स्मरण (47) भी कार्तिकेयन का शिकार बने। 222 के स्कोर पर छह विकेट गंवा चुकी हार की डगर पर खड़ी साउथ जोन को अंकित शर्मा और सी आंद्रे सिद्धार्थ की जोड़ी ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 330 गेंदों में 192 रनों की साझेदारी हुई। कार्तिकेयन ने शतक की ओर बढ़ रहे अंकित शर्मा को आर पाटीदार के साथ हाथों कैच आउट कराकर सेंट्रल जोन को बड़ी सफलता दिलाई। अंकित शर्मा ने 168 गेंदों में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 99 रन बनाये। वह महज एक रन से शतक से चूक गये। गुरजपनीत सिंह (नाबाद तीन) को सारांश जैन ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय सेंट्रल जोन ने साउथ जोन को 426 के स्कोर पर समेट दिया।

प्रतीका, मंधाना और हरलीन के अर्धशतक, भारत ने बनाये 281

न्यू चंडीगढ़, 14 सितंबर। प्रतीका रावल (64) और स्मृति मंधाना (58), हरलीन देओल (54) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 ओवर में सात विकेट पर 281 रन का मजबूत स्कोर बना लिया।

आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम के लिए प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी की। 22वें ओवर में फीबी लिचफील्ड ने स्मृति मंधाना को रनआउट कर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। मंधाना ने 63 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 58 रनों की पारी खेली। इसके बाद 31वें ओवर में अलाना किंग ने प्रतीका रावल को अपना शिकार बना लिया।

ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को आठ विकेट से हराया

न्यू चंडीगढ़, 14 सितंबर । गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फीबी लिचफील्ड (88), बेथ मूनी (नाबाद 77), ऐनाबेल सदरलैंड (नाबाद 54) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को 35 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1–0 से बढ़त बना ली है।

282 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के लिए कप्तान अलिसा हीली और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने 45 रन जोड़े। सातवें ओवर में क्रांति गौड़ ने अलिसा हीली (27) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। एलिस पेरी 30 रन पर रिटायर हर्ट हुई। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट फीबी लिचफील्ड के रूप में गिरा। फीबी लिचफील्ड ने 80 गेंदों में 14 चौकों लगाते हुए 88 रन बनाये। बेथ मूनी और ऐनाबेल सदरलैंड शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 44.1 ओवर में दो विकेट पर 282 रन बनाकर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी।

तिलक वर्मा और रजत पाटीदार ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की कप्तानी करेंगे

मुंबई, 14 सितम्बर । रजत पाटीदार और तिलक वर्मा को 30 सितंबर से कानपुर में शुरू होने वाली ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए कप्तान बनाया गया है। पाटीदार ग्रीन पार्क स्टेडियम में होने वाले पहले मैच में टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि तिलक 3 और 5 अक्टूबर को होने वाले दूसरे और तीसरे मैच में कप्तानी संभालेंगे, जबकि पाटीदार उनके उप–कप्तान होंगे।

पहले वनडे के लिए, पाटीदार के साथ विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह और अभिषेक पोरेल के साथ–साथ रियान पराग, आयुष बदौनी, सूर्यांश शेडगे, विप्रज निगम, निशांत सिंधु, प्रियांश आर्य, रवि बिश्नोई, गुरजापनीत सिंह, युद्धवीर सिंह और सिमरजीत सिंह शामिल होंगे।

28 सितंबर को एशिया कप के समापन के साथ, वर्मा आखिरी दो मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे। टीम में अभिषेक शर्मा और हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह के रूप में अतिरिक्त तेज विकल्प भी शामिल हैं, जबकि पहले गेम के अधिकांश कोर को बरकरार रखा गया है।

पहले वनडे मैच के लिए भारत ए टीम: रजत पाटीदार (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रियान पराग, आयुष बदौनी, सूर्यांश शेडगे, विप्रज निगम, निशांत सिंधु, गुरजापनीत सिंह, युद्धवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), प्रियांश आर्य, सिमरजीत सिंह।

दूसरे और तीसरे वनडे के लिए भारत ए टीम: तिलक वर्मा (कप्तान), रजत पाटीदार (वीसी), अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रियान पराग, आयुष बदौनी, सूर्यांश शेडगे, विप्रज निगम, निशांत सिंधु, गुरजापनीत सिंह, युद्धवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह। यह दो साल से अधिक समय में भारत ए का पहला एक दिवसीय मैच होगा, पिछला एशियन क्रिकेट काउंसिल मेन्स इमर्जिंग कप, 2023 फाइनल था जिसमें वे पाकिस्तान शाहीन से हार गए थे। अभिषेक शर्मा, निशांत सिंधु, रियान पराग और हर्षित राणा भी उस टीम का हिस्सा थे।

सात्विक–चिराग और लक्ष्य हांगकांग ओपन के फाइनल में हारे

हांगकांग, 14 सितंबर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा लक्ष्य सेन आज हांगकांग ओपन के फाइनल में हार गए और उन्हें उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा।

भारतीय जोड़ी फाइनल में जीत के करीब पहुंच गयी थी, लेकिन यहां पुरुष युगल के खिताबी मुकाबले में चीन के लियांग वेइकेंग और वांग चांग से 62 मिनट में 21–19, 14–21, 17–21 से हार गए। पुरुष एकल में भारत का खिताब का सपना टूट गया। लक्ष्य सेन को पुरुष एकल फाइनल में दूसरे वरीय चीन के ली शि फेंग से 21–15, 21–12 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस परिणाम के साथ, भारत ने दो रजत पदक के साथ टूर्नामेंट का समापन किया।

दो बार की ओलंपिक चैंपियन ऑलमैन ने विश्व एथलेटिक्स में महिलाओं की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण जीता

टोक्यो, 14 सितंबर । दो बार की ओलंपिक चैंपियन अमेरिका की वैलेरी ऑलमैन ने रविवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की डिस्कस थ्रो स्पर्धा का खिताब अपने नाम कर लिया।

बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता ऑलमैन ने 69.48 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।

नीदरलैंड की जोरिंडे वैन क्लिंकेन ने सीजन के सर्वश्रेष्ठ 67.50 मीटर के साथ रजत पदक जीता, जबकि क्यूबा की सिलिंडा मोरालेस ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 67.25 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

स्वीडन की वैनेसा कामगा चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन उन्होंने 66.61 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। 2022 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले चीन की फेंग बिन 65.28 मीटर के साथ सातवें स्थान पर रहीं।

भारतीय महिला हॉकी टीम महिला एशिया कप 2025 के खिताबी मुकाबले में चीन से हारी

हांगझोऊ (चीन), 14 सितंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम को महिला एशिया कप 2025 के खिताबी मुकाबले में चीन से 1–4 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भारतीय टीम के लिए नवनीत कौर ने पहले ही मिनट में गोल किया। वहीं चीन की कप्तान ओउ जिक्सिया ने (21वें मिनट), ली होंग ने (40वें मिनट), ज़ू मीरॉन्ग ने (51वें मिनट) और झोंग जियाकी ने (53वें मिनट) मे गोल किए।

भारत ने फाइनल में पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए बढ़त बनाकर शानदार शुरुआत की। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने पहले मिनट गोल किया। एक गोल से पीछे, चीन ने खेल की गति बढ़ा दी और पहले हाफ के दौरान ज़ोरदार हमले किए। चौथे मिनट में उन्हें अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे सुनीता टोप्पो ने गोललाइन ब्लॉक करके गोलकीपर बिचू देवी के एक और बचाव से रोक दिया। 15वें मिनट में, चीन को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन इस बार वे भारत के पहले रशर को चकमा नहीं दे सके।

दूसरे क्वार्टर में भी यही क्रम जारी रहा और चीन ने 17वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे बिचू देवी ने 20वें मिनट में ओपन प्ले में एक और शानदार ब्लॉक लगाकर बचा लिया। चीन को 21वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन इस बार कप्तान ओउ जिक्सिया (21वें मिनट) ने इसे गोल में बदलकर स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। भारत ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत मजबूती से की और चीन को उसके ही हाफ तक सीमित रखा और बढ़त बनाने की कोशिश में लगातार सर्कल में घुसते रहे, हालाँकि, चीन ने ही गतिरोध तोड़ा। 40वें मिनट में, भारत को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसे गोल में नहीं बदल पाए, जिससे गेंद चीन को मिल गई। चीन ने तुरंत पलटवार करते हुए भारत को चौंका दिया। ली होंग (40वें मिनट) में गोलकर स्कोर 1–2 कर दिया। चीन ने चौथे क्वार्टर में क्रमश: 51वें और 53वें मिनट में दो तेज गोल करके अंतर बढ़ा दिया। इसी के साथ चीन एशिया कप का खिताब 4–1 से अपने नाम कर लिया।

मीनाक्षी और जैस्मीन ने विश्व मुक्केबाजी में जीते स्वर्ण

लिवरपूल, 14 सितम्बर । जैस्मीन (57 किग्रा) और मीनाक्षी (48 किग्रा) ने लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीत लिए। जैस्मीन ने पोलैंड की स्ज़ेरमेटा जूलिया (पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता) को 4:1 से हराकर स्वर्ण जीता और यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह वाली पहली भारतीय बन गईं। मीनाक्षी (48 किग्रा) ने कजाकिस्तान की नाजिम काइज़ेबे (पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता) के खिलाफ 4:1 से जीत हासिल की और चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गईं। नुपुर (80 किग्रा) ने रजत पदक जीता जबकि पूजा रानी (80 किग्रा) ने कांस्य पदक के साथ समापन किया।

जयपुर पिंक पैंथर्स के मुख्य कोच नरेंद्र रेड्डू ने यूपी योद्धाज़ पर जीत के बाद घरेलू प्रशंसकों का ऊर्जावान उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया

जयपुर,14 सितम्बर। जयपुर पिंक पैंथर्स ने पीकेएल सीज़न 12 के घरेलू चरण में अपनी पहली जीत दर्ज की, एसएमएस इंडोर स्टेडियम, जयपुर में यूपी योद्धाज़ को 41–29 के स्कोर से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। जीत के बाद, पोस्ट–मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में, जयपुर पिंक पैंथर्स के मुख्य कोच नरेंद्र रेड्डू ने प्रशंसकों के समर्थन को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैं प्रशंसकों का धन्यवाद करना चाहता हूं, जो हमें इतनी ऊर्जा देते हैं। हमें हर मैच में यही ऊर्जा मिलनी चाहिए। मैं दिल से प्रशंसकों का आभार प्रकट करता हूं।

कोच टीम के प्रदर्शन, खासकर शनिवार को युवा खिलाड़ियों के खेल से भी बेहद खुश थे। उन्होंने कहा, देखिए, हमारी टीम में कई नए खिलाड़ी हैं, जिनमें ज़्यादातर एनवाईपी (न्यू यंग प्लेयर) हैं, और हम हर मैच में अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश कर रहे हैं। आज के मैच में हम टूर्नामेंट की एक बेहतरीन टीम के खिलाफ खेले। यूपी योद्धाज़ के पास बेहद अच्छे खिलाड़ी हैं, जिनमें अनुभवी डिफेंडर और रेडर शामिल हैं।

मुख्य कोच नरेंद्र रेड्डू ने टीम को समर्थन देने में अपनी फ्रैंचाइज़ी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम अपनी टीम पर दबाव नहीं डालना चाहते। मैं दबंग दिल्ली केसी के खिलाफ खेले गए मैच को याद करना चाहता हूं, जिसमें हम मामूली अंतर से हारे थे। उस हार के बाद भी हमने टीम पर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं डाला।

हमें विश्वास है कि जब तक खिलाड़ियों को अपना खेल खेलने की आज़ादी मिलेगी, टीम सही नतीजे हासिल करेगी। खिलाड़ियों, कोचों और फ्रैंचाइज़ी के बीच का बंधन शानदार है। वे सभी को परिवार की तरह मानते हैं। इसी कारण कोई दबाव नहीं है और टीम में जुझारूपन की भावना बनी रहती है।

राज्य स्तरीय अंडर-19 ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल, जयपुर, बीकानेर, सवाईमाधोपुर, जोधपुर जीती

आज खेले गए क्वार्टर फाइनल मैचों में शिफॉन खान, कार्तिक बदलानी, अभय शर्मा, शोएब खान, साहिब अबिचंदानी, जगदीश चौधरी, अभिषेक मूँद, नमन शर्मा, भव्य राज, अपूर्व शर्मा, सचिन सेन, रोहित का शानदार प्रदर्शन

जयपुर, 14 सितम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 – 26 की अंडर 19 प्रतियोगिता में में भाग लेने वाली राजस्थान टीमों के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 प्रतियोगिता के आज जयपुर में खेल गए प्री क्वाटर फाइनल मैचों का परिणाम व स्कोर।

के एल सैनी स्टेडियम जयपुर – नागौर (जयपुर 7 विकेट से जीती), नागौर पारी 153 आल आउट। टीम के लिए विहान जैन 30 , राहिल